<u>समाचार</u>

# 03 मार्च को 08 वार्डो में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर




कोरबा 02 मार्च 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट गुरूवार 03 मार्च को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 03 मार्च गुरूवार को वार्ड क्र. 02 तुलसीनगर सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्र. 11 नई बस्ती काली मंदिर रोड के पास, वार्ड क्र. 21 बुधवारी गणेश पण्डाल दशहरा मैदान, वार्ड क्र. 34 पुराना रिसदा सामुदायिक स्टेज के पास, वार्ड क्र. 47 डबरीपारा ग्राम सभा भवन के पास सांस्कृतिक मंच, वार्ड क्र. 50 पावरसिटी गेट के पास सांस्कृतिक मंच, वार्ड क्र. 56 जेठूदफाई सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 64 घुड़देवादफाई आंगनबाड़ी केन्द्र–02 के पास कैम्प लगाए जाएंगे।